कारोबार अपडेट

टीएसपीडीएल के विकास में ग्राहक अहम


टीएसपीडीएल का कस्टमर मीट 2011 आयोजित

जमशेदपुर : टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीएसपीडीएल) के कस्टमर मीट 2011 का आयोजन बेल्डीह क्लब में किया गया. इस अवसर पर अपने संबोधन में कंपनी के प्रबंध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने कहा कि टीएसपीडीएल को 1600 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनी बनाने में ग्राहकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप की विश्वसनीयता व ग्राहक संबंध विकास का मुख्य आधार है. स्वागत भाषण टीएसपीडीएल के महाप्रबंधक ओमप्रकाश ने दिया. उन्होंने टीएसपीडीएल के 2015 तक के ग्रोथ प्लान की जानकारी दी. टाटा स्टील के मुख्य प्रबंधक (सेल्स) श्री संतोष एंटोनी ने गुणवत्तापूर्ण स्टील उपलब्ध करवाते रहने का आश्वासन दिया. टाटा मोटर्स के महाप्रबंधक मोहन कुमार ने 2015 तक कंपनी में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी. एकमा के चेयरमैन किलोल कमानी ने टीएसपीडीएल के कस्टमर रिलेशन की सराहना की. कार्यक्रम में टाटा स्टील के वरीय पदाधिकारी सुधांशु पाठक, संतोष एंटोनी, आशीष गुप्ता, आलोक कृष्णा, ट्यूब्स डिवीजन के इआरसी राजीव मंगल, टाटा मोटर्स के वरीय महाप्रबंधक पीके सिन्हा, महाप्रबंधक मोहन कुमार, श्रीराम कुमार, आरएसबी ट्रांसमिशन के प्रबंध निदेशक एसके बेहरा, एकमा के चेयरमैन किलोल कमानी समेत कई कंपनियों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए. कार्यक्रम में टीएसपीडीएल के सीईओ अब्राहम स्टीफेंस, श्यामल चक्रवर्ती, हेड (सीआर) अशोक बलियान व हेड (बारा) जयदेव चांद समेत अन्य शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन पॉलोमी चटर्जी व धन्यवाद ज्ञापन सौमित्र मुखर्जी ने किया.